गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019 23.08.2019

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया रांची, झारखण्ड में सीएनजी, पीएनजी, सीएनजी चालित वाहन की आपूर्ति के शुभारंभ से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय मुख्य मंत्री, झारखंड, माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य, तथा माननीय केंद्रीय मंत्री, पी एंड एनजी तथा इस्पात द्वारा रांची में सीएनजी आपूर्ति, सीएनजी चालित वाहन और डी-पीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ

- **मधुवन विहार और खुकरी में सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन किया गया**
- **पीएनजी आपूर्ति के लिए डी-कम्प्रेशन यूनिट का उद्घाटन मैकॉन कॉलोनी में किया गया**

रांची, अगस्त 23, 2019: ***प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा*** के विस्तार में एक और कीर्तिमान बनाते हुए, झारखंड के माननीय मुख्य मंत्री श्री रघुवर दास, माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य, श्री अर्जुन मुंडा तथा माननीय केंद्रीय मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्रालय श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रांची में आज संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), पाइप्ड नेचुरल गैस तथा सीएनजी चालित वाहनों की आपूर्ति का उद्घाटन किया।

गेल (इंडिया) लिमिटेड रांची और जमशेदपुर में प्रतिष्ठित ***प्रधान मंत्री उर्जा गंगा*** और शहर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं का भी कार्यान्वयन कर रहा है। इस अवसर पर गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कर्नाटक और निदेशक (वित्त) श्री ए.के. तिवारी उपस्थित थे।

माननीय मंत्रियों ने मधुवन विहार और खुकरी में दिनांक 23 अगस्त, 2019 को सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन किया। उन्होंने श्यामली कॉलोनी में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति और शहर में सीएनजी चालित वाहनों का भी उद्घाटन किया।

आगामी वर्षों में गेल द्वारा 75000 से अधिक वाहनों को आपूर्ति करने के लिए 11 सीएनजी स्टेशन कमीशन किए जाएंगे।

प्रारंभ में "कैसकेड" में पटना, बिहार से सड़क मार्ग द्वारा प्राकृतिक गैस रांची में पँहुचाई जाएगी। इसके पश्चात्, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति जगदीशपुर - हल्दिया एवं बोकारो - धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल), जो कि ***प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा*** के नाम से प्रसिद्ध है, के माध्यम से की जाएगी। वर्तमान में पाइपलाइन निर्माणाधीन है और वर्ष 2020 तक इसके पूर्ण होने की उम्मीद है।

तीन ऑटो निर्माता मैसर्स पिआजिओ, बजाज और टीवीएस ने सीएनजी ऑटो वाहनों की आपूर्ति के लिए सहमति दी है। ऑटो रिक्शा मालिकों तथा ड्राइवरों के लिए सीएनजी उपयोग में निर्बाध पारगमन हेतु जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।